an>

Title Need to run a train from Lucknow to New Delhi via Sitapur, Uttar Pradesh.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर): माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान संसदीय क्षेत्र सीतापुर में रेल समस्या की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं । मेरा संसदीय क्षेत्र सीतापुर लखनऊ से मात्र 85 किलोमीटर दूरी पर है । देश की आजादी के 70 साल बाद यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में यह लाइन मीटरगेज से ब्रॉड गेज में परिवर्तित हुई है, लेकिन इस रूट पर लखनऊ से वाया सीतापुर, शाहजहांपुर कोई नई रेल लाइन नहीं चलाई गई है ।

मेरी आपसे दरख्वास्त है कि रेल मंत्री जी इस विषय पर गंभीरता से ध्यान दें और लखनऊ, सीतापुर, शाहजहांपुर होते हुए नई दिल्ली तक ट्रेन चलाने की कृपा करें । धन्यवाद ।